फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत : सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर
जिला हनुमानगढ

राजेन्द्र बनाम स्टेट

किस्म मुकदमा : 136 LRA

प्रकरण संख्या 09 /2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख फर्द अहकाम की हुक्म की तामील जारी हुआ
03/03/2023	यह प्रार्थना पत्र "खाता दुरूस्ती आवेदन पत्र" बावत राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्ती के सम्बन्ध में प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत करने पर जांच रिपोर्ट हेतु मूल ही आवेदन पत्र तहसीलदार नोहर को भिजवाया गया । प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में तहसीलदार (भू.अ.) नोहर ने रिपोर्ट क्रमांक : 404 दिनांक : 17.01.2023 के द्वारा मय रिपोर्ट प0म0 ढिलकी जाटान व प0म0 चक 12 जी.जी.एम. पटवारीयान एवं भू.अ.नि. गोगामेड़ी प्रेषित की । तहसीलदार (भू.अ.) नोहर ने अपनी रिपोर्ट में अंकित किया है कि पटवारी हल्का द्वारा रिकॉर्ड की जांच व मौजविरान के समक्ष पूछताछ व भू.अ.नि. की टिप्पणी के अनुसार नाम दुरूस्ती की जानी उचित है । हमने रिपोर्ट पटवारीयान एवं भू.अ.नि. वृत गोगामेड़ी एवं तहसीलदार (भू.अ.) नोहर की रिपोर्ट का गहन अवलोकन किया एवं उस पर मनन किया । अत : तहसीलदार (भू.अ.) नोहर द्वारा की गई अनुशंषा के आधार पर राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 136 के अनुसरण में ग्राम/चक 12 G.G.M. की जमाबन्दी संवत् 2076–2079 के खाता संख्या 45/45 तहसील नोहर जिला हनुमानगढ एवं ग्राम ललानाबास उतरादा की जमावन्दी संवत् 2071–2074 के खाता संख्या 207/212 तहसील नोहर जिला हनुमानगढ के वर्तमान में दर्ज राजेन्द्र पुत्र नथुराम प्रविष्टि को राजेन्द्र कुमार पुत्र नथुराम शुद्ध किया जाकर राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद के आदेश दिये जाते हैं । आदेश अलग से जारी होकर तहसीलदार (भू.अ.) [illegible] र्थ भिजवाया जावे । पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो । Signature Not Verified Digitally signed by Satya Narayan Date: 2023.12.21 16:50:11 IST Reason: SelfAttested	

Scanned with CamScanner